संपादकीय

# आतंकी हमला प्रशासन के लिए चिंता का विषय

**जम्मू के कठुआ में सोमवार को सेना के गश्ती दल पर आतकियों ने घात लगाकर हमला किया जिसमें पांच जवान शहीद हो गए। एक महीने के भीतर कठुआ में दूसरी बार आतंकी हमला हुआ है जो सरकार, सुरक्षा बल और प्रशासन के लिए चिंता का विषय है।**

**पिछली कुछ आतंकी घटनाओं का ट्रेंड बता रहा है कि दहशतगर्दों ने अपनी रणनीति में बदला किया है। अब जम्मू और विशेषकर कठुआ आतंक का नया गढ़ बनता दिख रहा है। हालाकि जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद और आतंकवाद के शुरुआती दिनों में यह इलाका आतंकवादियों का अच्छा खासा ठिकाना बन गया था। लेकिन सुरक्षा बलों ने विशेष अभियान चलाकर कठुआ और उसके आसपास के इलाके को आतंक से मुक्त करा लिया था।**

**सविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में अमन-चैन बहाल हो रहा था लेकिन जब से विधानसभा चुनाव की आहट तेज हुई है, अचानक आतंकवादी सक्रिय हो गए हैं। हाल के महीनों में आतकियों ने सीमावर्ती जिले पूंछ, राजौरी, डोडा और रियासी में एक के बाद एक हमले किए हैं। अब आतंकी घाटी की ओर से जम्मू की ओर रुख करने लगे हैं। इसकी बड़ी वजह कठुआ की प्रकृति और बनावट है।**

**यह क्षेत्र पहाड़ियों और घनघोर जंगलों से भरा-पूरा है और इसके एक ओर पाकिस्तान की सीमा लगती है और दूसरी ओर पंजाब और हिमाचल है। सीमा पार से आने वाले आतंकवादी वारदात को अंजाम देकर जंगलों के रास्ते पाकिस्तान वापस चले जाते हैं। इस जिले की जनसाख्यिकी भी कश्मीर घाटी से अलग है। यहां हिन्दुओं की आबादी अधिक है। ऐसा हो सकता है कि चुनाव से पहले सांप्रदायिक माहौल खराब करना भी पाक प्रायोजित आतंकवादियों का एक राजनीतिक लक्ष्य हो।**

**इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि रियासी में इसी इरादे से श्रद्धालुओं की बस को निशाना बनाया गया हो। यह कहा जाता है कि आतंकवाद की कोई निश्चित उम्र नहीं होती। देखा गया है कि कभी-कभी यह एक समय बाद स्वत: ही खत्म हो जाता है। लेकिन कश्मीर में जारी आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की बड़ी भूमिका से कोई भी इंकार नहीं कर सकता।**

**शायद इसलिए भी यहां आतंकवाद लबे समय से जीवित है। अब यह देखने वाली बात होगी कि यहां आतंकवाद के विरुद्ध जारी निर्णायक युद्ध में केंद्र सरकार का पाकिस्तान के प्रति क्या रुख रहता है।**

# अप्रैल-जून में भारत का गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट 8.6 प्रतिशत बढ़कर 200 अरब डॉलर के पार

**नई दिल्ली**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारत का गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट जून में 5.4 प्रतिशत बढक़र 65.47 अरब डॉलर हो गया। जबकि, इस साल अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात में कुल वृद्धि 8.6 प्रतिशत बढक़र 200.33 अरब डॉलर हो गई।

व्यापार सचिव सुनील बर्थवाल ने मासिक व्यापार आंकड़े जारी करते हुए कहा, 2024-25 की पहली तिमाही में भारत का कुल निर्यात 200 अरब डॉलर को पार कर गया है और अगर यह प्रगति जारी रहती है, तो हमें उम्मीद है कि इस वित्तीय वर्ष में निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा।



आंकड़ों से पता चलता है कि व्यापारिक निर्यात में जून में 2.55 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई और यह 35.20 बिलियन डॉलर हो गया। जबकि, जून 2023 में यह 34.32 बिलियन डॉलर था। अप्रैल-जून 2024 के दौरान व्यापारिक निर्यात का मूल्य अप्रैल-जून 2023 के दौरान 103.89 बिलियन डॉलर की तुलना में 109.96 बिलियन डॉलर है, जो 5.84 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दिखाता है।

नॉन-पेट्रोलियम और अन्य, नॉन-जेम्स और अन्य, आभूषण निर्यात में 8.48 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो जून 2023 में 25.29 बिलियन डॉलर से बढक़र जून 2024 में 27.43 बिलियन डॉलर हो गया।

जून 2024 में व्यापारिक निर्यात वृद्धि के मुख्य चीजों में इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक सामान, दवाएं, फार्मास्यूटिकल्स उत्पाद, कॉफी और जैविक एवं अकार्बनिक रसायन और अन्य शामिल हैं।

इंजीनियरिंग सामान का निर्यात जून 2023 में 8.52 बिलियन डॉलर से 10.27 प्रतिशत बढक़र जून 2024 में 9.39 बिलियन डॉलर हो गया। इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात जून 2023 में 2.42 बिलियन डॉलर से 16.91 प्रतिशत बढक़र जून 2024 में 2.82 बिलियन डॉलर हो गया।

ड्रग्स और फार्मास्युटिकल निर्यात जून 2023 में 9.93 प्रतिशत बढक़र 2.25 बिलियन डॉलर से बढक़र जून 2024 में 2.47 बिलियन डॉलर हो गया। कॉफी निर्यात जून 2023 में 70.02 प्रतिशत बढक़र 0.12 बिलियन डॉलर से बढक़र जून 2024 में 0.20 बिलियन डॉलर हो गया।

जैविक और अकार्बनिक रसायनों का निर्यात जून 2023 में 2.22 बिलियन डॉलर से 3.32 प्रतिशत बढक़र जून 2024 में 2.29 बिलियन डॉलर हो गया।

जून 2024 में कुल आयात (माल और सेवाएं संयुक्त) 73.47 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो जून 2023 की तुलना में 6.29 प्रतिशत की सकारात्मक वृद्धि दिखाता है।

अप्रैल-जून 2024 के दौरान कुल आयात 8.47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 222.89 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है।

आंकड़े अप्रैल-जून 2024 में देश के गुड्स एंड सर्विस एक्सपोर्ट में मजबूत वृद्धि को दर्शाते हैं, जो अप्रैल-जून 2023 में 35.12 बिलियन डॉलर की तुलना में 39.70 बिलियन डॉलर था।

## एसबीआई का ग्राहकों को बड़ा झटका, महंगा हुआ ब्याज; अब इतनी बढ़ जाएगी आपकी ईएमआई




**मुंबई**

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी बेंचमार्क सीमांत लागत ऋण दर (एमसीएलआर) में 0.05 प्रतिशत से 0.10 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी। बैंक के इस कदम से एमसीएलआर आधारित ऋणों की ब्याज दरों में भी इजाफा होगा। एक महीने के ऋण पर एमसीएलआर 0.05 प्रतिशत बढक़र 8.35 प्रतिशत हो गई है। तीन महीने की अवधि के ऋण पर यह 0.10 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 8.40 फीसदी पर है।

छह महीने, एक साल और दो साल के ऋण के लिए एमसीएलआर 0.10 प्रतिशत बढ़ाकर क्रमश: 8.75 प्रतिशत, 8.85 प्रतिशत और 8.95 प्रतिशत कर दी गई है। तीन साल के ऋण के लिए एमसीएलआर में 0.05 फीसदी की वृद्धि हुई है और यह अब 9 प्रतिशत होगी। इससे पहले जून में भी एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी।

एमसीएलआर न्यूनतम ब्याज दर है जिससे कम पर बैंक ऋण नहीं दे सकता। ज्यादातर कॉर्पोरेट ऋण एमसीएलआर आधारित होते हैं जबकि खुदरा ऋण रेपो दर पर आधारित होते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल फरवरी से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। आम तौर पर ब्याज दरों के मामले में दूसरे बैंक एसबीआई का अनुसरण करते हैं। इस कारण अब दूसरे बैंकों के कर्ज भी महंगे होने की संभावना है।

## जून में 23.8 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचा भारत में इक्विटी म्यूचुअल फंड का एयूएम

**मुंबई ।** इक्विटी म्यूचुअल फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 8.27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जून में 23,84,727 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जो मई में 22,02,497 करोड़ रुपये थी। इसका सोमवार को जारी एक रिपोर्ट से पता चला है।

प्रभुदास लीलाधर की धन प्रबंधन शाखा पीएल वेल्थ मैनेजमेंट की रिपोर्ट में कहा गया है कि जून महीने में लगभग 57 प्रतिशत फंड अपने संबंधित बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम थे। यह रिपोर्ट 281 ओपन-एंडेड इक्विटी डायवर्सिफाइड फंडों के अध्ययन पर आधारित थी।

जून में बेहतर प्रदर्शन करने वाले फंडों की कुल संख्या 159 थी। इसमें मल्टी-कैप फंड सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली थी, जहां 75 प्रतिशत योजनाओं ने बेंचमार्क से बेहतर प्रदर्शन किया।रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि इसके बाद फोकस्ड फंड्स और मिड-कैप फंडों की योजनाएं थी, जिन्होंने जून के दौरान अपने संबंधित बेंचमार्क से क्रमश: 64 प्रतिशत और 62 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया।

## पिछले 10 वर्षों में भारत के रक्षा निर्यात में 30 गुना से अधिक की रिकॉर्ड बढ़ोतरी

**नई दिल्ली**

भारत ने रक्षा निर्यात में पिछले 10 वर्षों में 30 गुना लंबी छलांग लगाई है, जो वित्त वर्ष 2013-14 के मात्र 686 करोड़ रुपये से बढक़र वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये हो गया है। यह भारतीय रक्षा उत्पादों और प्रौद्योगिकियों की दुनिया में स्वीकार्यता को दर्शाता है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में 85 से अधिक देशों तक निर्यात के साथ, भारत के रक्षा उद्योग ने दुनिया को डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दिखाई है। देश में इस समय लगभग 100 कंपनियां रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रही हैं।



रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने मेक इन इंडिया जैसी कई नीतिगत पहल की है और पिछले 10 वर्षों में इसमें कई आर्थिक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है और एंड-टू-एंड ऑनलाइन निर्यात प्राधिकरण के साथ उद्योग-अनुकूल बनाया गया है। जिससे व्यापार करने में आसानी हुई है।

इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत पहल ने देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करके देश की मदद की है। जिससे लंबे समय में आयात पर निर्भरता कम हो गई है।

लार्सन एंड टुब्रो, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज जैसी कंपनियां प्रमुख रक्षा उपकरण निर्माता कंपनियों के रूप में उभरने के साथ रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में निजी क्षेत्र का उदय हुआ है, जो एक महत्वपूर्ण विकास रहा है।

2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य में लगभग 79.2त्न का योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू द्वारा और 20.8त्न निजी क्षेत्र द्वारा किया गया है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि डीपीएसयू/पीएसयू और निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है।

भारत के रक्षा उत्पादों के निर्यात में मिसाइलें, रडार, नौसेना प्रणाली, हेलीकॉप्टर और निगरानी उपकरण शामिल हैं।

# ऋषभ पंत के बाद अक्षर पटेल संभाल सकता है दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी

**नईदिल्ली**

आईपीएल 2025 के ऑक्शन की तारीखें भी सामने नहीं आई हैं और टीमें बदलाव की ओर देखने लगी हैं. दिल्ली कैपिटल्स की बात करें तो अब रिकी पोंटिंग टीम के हेड कोच नहीं होंगे. वहीं, अब रिपोर्ट्स के हवाले से एक ऋषभ पंत से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है. दावा किया जा रहा है कि मेगा ऑक्शन से पहले पंत दिल्ली से अलग हो सकते हैं. ऐसे में फैंस के जहन में सवाल आ रहा है कि यदि ये अफवाह सही साबित होती है, तो अब दिल्ली कैपिटल्स का अगला कप्तान कौन होगा?



आईपीएल 2024 में ऋषभ पंत ने इंजरी से वापसी की और दिल्ली की कमान संभाली थी, लेकिन वह कुछ खास नहीं कर सके और दिल्ली कैपिटल्स ने 6वें नंबर पर रहते हुए टूर्नामेंट खत्म किया था. लेकिन, अपकमिंग मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली ने बड़ा बदलाव किया और रिकी पोंटिंग को हेड कोच के पद से हटा दिया. वहीं एक और बड़ी खबर सामने आ रही है कि कप्तान ऋषभ पंत भी आईपीएल 2025 से पहले ही टीम का साथ छोड़ सकते हैं. जी हां, सोशल मीडिया पर दावा किया है कि ऋषभ पंत आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले दिल्ली कैपिटल्स को छोड़ देंगे. हालांकि, अब तक इसे लेकर कोई ऑफिशियल अपडेट सामने नहीं आई है.

ऋषभ पंत के दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी छोडऩे वाली अफवाह सही साबित होती है, तो सवाल उठता है कि दिल्ली का अगला कप्तान कौन होगा? इसका जवाब हैं ऑलराउंडर अक्षर पटेल. जी हां, अक्षर दिल्ली के अगले कप्तान हो सकते हैं. भले ही अब तक अक्षर को आईपीएल में कप्तानी का कुछ खास अनुभव नहीं है, लेकिन उन्होंने आईपीएल ही नहीं इंटरनेशनल लेवल पर भी अपनी काबिलियत को साबित किया है. वह एक बेहतरीन स्पिन ऑलराउंडर हैं, जो गेंद के साथ-साथ बल्ले से भी मैच जिताने की ताकत रखता है. ऐसे में दिल्ली की टीम ऑक्शन से नए कप्तान को खरीदने के बजाए अपनी टीम में मौजूद अक्षर को कमान सौंप सकती है. बता दें, आईपीएल 2024 में अक्षर ने एक मैच में दिल्ली की कप्तानी की थी, लेकिन उस मैच में दिल्ली कैपिटल्स को हार का सामना करना पड़ा था.

## हार्दिक पांड्या होंगे टी20 सीरीज में भारत के कप्तान, वनडे में रह सकते हैं बाहर




**नईदिल्ली**

स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 क्रिकेट श्रृंखला में भारत के कप्तान होंगे।

पंड्या निजी कारणों से अगस्त में होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला नहीं खेलेंगे।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, ''हार्दिक पंड्या भारतीय टी20 टीम के उपकप्तान थे। वह पूरी तरह फिट हैं और तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये उपलब्ध भी लिहाजा वह कप्तान होंगे।''

रोहित शर्मा ने विश्व कप जीतने के बाद टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

टी20 श्रृंखला 27 से 30 जुलाई तक पल्लेकेले में खेली जायेगी जबकि वनडे दो से सात अगस्त तक कोलंबो में होंगे। टीम की घोषणा अगले कुछ दिन में होगी।

भी यह तय नहीं है कि उपकप्तान शुभमन गिल होंगे या सूर्यकुमार यादव।

वनडे श्रृंखला के बारे में अधिकारी ने बताया कि पंड्या ने निजी कारणों से ब्रेक मांगा है और नियमित कप्तान रोहित शर्मा को इसकी जानकारी दे दी है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने पर सभी स्टार क्रिकेटरों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा।

## वीकेंड पर घटी इंडियन 2 की कमाई फिर भी 60 करोड़ से रह गई इंचभर दूर

एस. शंकर द्वारा निर्देशित और बी. जयमोहन, काबिलन वैरामुथु और लक्ष्मी सरवण कुमार द्वारा सह-लिखित तमिल विजिलेंट एक्शन फिल्म 'इंडियन 2' सिनेमाघरों में तहलका मचा रही है. कमल हासन स्टार 'इंडियन 2: ज़ीरो टॉलरेंस' 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को दर्शको से काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है इसकी ओपनिंग अच्छी रही थी और अब वीकेंड पर इसकी कमाई में गिरावट देखी जा रही है. चलिए यहां जानते हैं 'इंडियन 2' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?




'इंडियन 2' कमल हासन 1996 में आई आइकॉनिक फिल्म 'इंडियन' की मोस्ट अवेटेड सीक्वल है.फिल्म की रिलीज से पहले ही इसका काफी बज बना हुआ था और सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे दर्शकों से मिक्स्ड रिस्पॉन्स मिला. दिलचस्प बात ये है कि 'इंडियन 2' का बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की सरफिरा से क्लैश हुआ था और इसे पहले से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही प्रभास स्टारर कल्कि 2898 एडी से भी मुकाबला करना पड़ रहा है बावजूद इसके कमल हासन की फिल्म को सिनेमाघरों में देखने के लिए खूब दर्शक उमड़ रहे हैं. हालांकि अच्छी ओपनिंग करने के बाद वीकेंड पर फिल्म के कारोबार में गिरावट देखने को मिली है.


फिल्म की कमाई की बात करें तो 'इंडियन 2' ने रिलीज के पहले दिन 25.6 करोड़ की कमाई की थी. दूसरे दिन इसका कलेक्शन 18.2 रहा.

## फवाद खान-सनम सईद की बरजख का ट्रेलर रिलीज, भूत के साथ शादी, प्यार-सस्पेंस से भरी है सीरीज

जिंदगी गुलजार है फेम एक्टर्स सनम सईद और फवाद खान एक बार फिर से स्क्रीन पर धमाका मचाने के लिए तैयार है. दोनों को एक नए शो में देखा जाएगा. शो का नाम है बरजख. बरजख का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है. शो के ट्रेलर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं. फवाद खान और सनम सईद को एक साथ स्क्रीन पर देखना फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है. ट्रेलर की बात करें तो ये एक 76 साल के बुजुर्ग की कहानी है, जो शादी करना चाहता है. वो अपने बच्चे और पोते-पोतियों को एक दूर जगह किसी रिसॉर्ट में बुलाता है. वो बुजुर्ग एक भूत से शादी करना चाहता है. शो की कहानी काफी ट्विस्ट और टर्न्स से भरी हुई है. ट्रेलर में दिखाया गया कि जब एक बच्चा फवाद से पूछता है कि उसके दादा को कोई भूत से शादी करने से रोक क्यों नहीं रहा? तो फवाद कहते हैं- डर. फवाद को लगता है कि उसके पापा भूत से शादी करने का गलत डिसिजन ले रहे हैं.



## बॉक्स ऑफिस पर सरफिरा की कमाई में आई तेजी, 10 करोड़ के पार हुई अक्षय कुमार की फिल्म



अक्षय कुमार का करियर पिछले कुछ सालों से डावाडोल चल रहा है. एक्टर को उनकी लेटेस्ट रिलीज 'सरफिरा' से काफी उम्मीदें थी. हालांकि इस फिल्म की ओपनिंग अक्षय कुमार की पिछले 15 वर्षों में उनके करियर की सबसे कम ओपनिंग साबित हुई. लेकिन वीकेंड पर फिल्म की कमाई में तेजी आई है. चलिए यहां जानते हैं 'सरफिरा' ने रिलीज के तीसरे दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

अक्षय कुमार की 'सरफिरा' का रिलीज से पहले काफी बज था. फिल्म के ट्रेलर को काफी पसंद किया गया था जिसके बाद उम्मीद थी की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन धमाल मचा देगी. हालांकि फिल्म का क्लैश जहां कमल हासन की इंडियन 2 से हुआ तो वहीं पहले से टिकट काउंटर पर धमाल मचा रही कल्कि 2898 एडी से भी मुकाबला करना पड़ा.

ऐसे में 'सरफिरा' की ओपनिंग काफी ठंडी रही. लेकिन फिल्म के कारोबार में वीकेंड पर उछाल आया है. फिल्म की कमाई की बात करें तो 'सरफिरा' ने रिलीज के पहले दिन 2.5 करोड़ का कलेक्शन किया था. वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 70 फीसदी की तेजी आई और इसने शनिवार को 4.25 करोड़ का कलेक्शन किया. अब 'सरफिरा' की रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले संडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'सरफिरा' ने रिलीज के तीसरे दिन यानी संडे को 20 फीसदी की तेजी के साथ 5.1 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ 'सरफिरा' का तीन दिनों का कुल कलेक्शन अब 11.85 करोड़ रुपये हो गया है.

रिपोर्ट के मुताबिक, 'सरफिरा' को प्रिंट और विज्ञापन लागत सहित कुल 100 करोड़ रुपये के बजट पर बनाया गया है. फिल्म को अपने ओवरऑल कलेक्शन में सुधार करने के लिए पहले हफ्ते में स्पीड पकडऩी होगी.


## शब्द सामर्थ्य- 120

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 119 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | मी | ■ | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू-दोकू- 120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.119 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी दोस्त से बात-बात में ही आपको कोई अच्छा काम मिल सकता है। इससे आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित हो सकते हैं।

***वृष:*** आज का दिन फेबरेबल रहेगा। आपके जीवन में नई-नई खुशियां आयेंगी। जो बच्चे घर से दूर रहकर किसी कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे हैं, उनका दिन बेहतर गुजरेगा। आपको शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन शुभ रहेगा। मित्रों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करवा सकते हैं। संतान को करियर में कोई बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको किसी काम से अच्छा लाभ मिलेगा।

***कर्क:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। सही समय पर किया कार्य आपको सफलता दिला सकता है। परिवार में स्थिति ठीक बनी रहेगी।

***सिंह:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको अपने हर काम को तय समय में बांटकर करने की जरूरत है। अन्यथा आपके बहुत से काम अधूरे रह सकते हैं। समय सीमा को ध्यान में रखकर काम करने से चीज़ें अच्छे से पूरी होगी और आप खुद पर भी ध्यान दे पायेंगे।

***कन्या:*** आज आपका दिन बहुत ही उत्तम रहेगा। आज आपकी विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपको किसी बड़ी कंपनी से जॉब का बुलावा आ सकता है। आप सबको अपनी बातों से इम्प्रेस करने में सफल रहेंगे।

***तुला:*** आज आपका दिन पहले से थोड़ा बेहतर हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाओं को तलाश करने की कोशिश करेंगे। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आपको मिल सकता है।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जीवनसाथी के सहयोग से आपको जीवन में आगे बढऩे का रास्ता मिल सकता है। आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। किसी काम की नये सिरे से शुरुआत कर सकते हैं।

***धनु:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक लाभ दिलवा सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आपको समाज के कुछ अच्छे लोगों से जुडऩे का मौका मिलेगा। आप किसी सरकारी संस्था के काम में अपना सहयोग दे सकते हैं।

***मकर:*** आज आपका दिन उत्तम बना रहेगा। अगर आप कोई बड़ी बिजनेस डील करने जा रहे हैं, तो आपको बहुत ही सोच-समझकर फैसले करने की जरूरत है। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की मदद जरूर लेनी चाहिए।

***कुंभ:*** आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज के दिन आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसमें सफल जरूर रहेंगे। दोस्तों के साथ आज कहीं घूमने जाने का अवसर आपको मिलेगा।

***मीन:*** आज आपको जीवन में कुछ खास मौके मिल सकते हैं। आपको किसी ऐसे व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है, जो आपके काम की नई शुरुआत में आपकी मदद करेगा। आर्थिक स्तर पर आप मजबूत बने रहेंगे।